**Need to expedite the pending works under Smart City Scheme in Jaipur Parliamentary Constituency**

श्रीमती मंजू शर्मा **(**जयपुर**) :** सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की तरफ आकर्षित करना चाहती हूँ । मैं स्मार्ट सिटी योजना के बारे में बात करना चाहती हूँ और यह पूछना चाहती हूँ कि क्या यह योजना अभी कार्य कर रही है? मेरा संसदीय क्षेत्र जयपुर राजस्थान की राजधानी है एवं स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत चयनित है । जयपुर शहर, जो कि यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है, यहां पर कई स्मारक एवं पर्यटन स्थल स्थित हैं, जिन्हें देखने देश-विदेश से लाखों पर्यटक आते हैं ।

मैं आपको अवगत कराना चाहूंगी कि यहां पर कई कार्य अधूरे पड़े हैं, जिससे कि शहर का सौन्दर्यीकरण खराब हो रहा है तथा यहां आने वाले पर्यटकों पर इसका विपरीत प्रभाव पड रहा है ।

सभापति महोदया, मेरा आपके माध्यम से माननीय शहरी विकास मंत्री जी से अनुरोध है कि स्मार्ट सिटी योजना के तहत मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर के अन्तर्गत लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने का श्रम करावें ।